मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 297, मुंबई, गुरुवार, 13 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

# कैबिनेट का फैसला

## सरकारी कर्मचारियों को सप्ताह में सिर्फ पांच दिन करना होगा काम

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की घोषणा की है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। नई व्यवस्था 29 फरवरी से लागू होगी। राज्य कर्मचारियों को हर महीने दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी मिलती है। राज्य में सरकारी, अर्द्ध सरकारी और स्थानीय निकायों में 20 लाख से अधिक कर्मचारी हैं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया

### बहुजन कल्याण विभाग का भी निर्माण

मंत्रिमंडल ने यह भी तय किया है कि ओबीसी, एसईबीसी (सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग), वीजेएनटी (विमुक्त जाति और घुमंतू जनजाति) और विशेष पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य विभाग को अब 'बहुजन कल्याण विभाग' के रूप में जाना जाएगा।

## 'मुफ्तखोरी' या कल्याणकारी राज्य?

### फ्री सुविधाएं देकर भी केजरीवाल सरकार का खजाना है मजबूत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जबरदस्त जीत के बाद विपक्षी धड़ा दिल्ली वालों को मुफ्तखोर तक कहने लगा है और सोशल मीडिया पर ऐसी बातें चल रही हैं कि केजरीवाल सरकार ने टैक्सपेयर्स का पैसा लुटाकर जनता को भरमा लिया है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## टेरर फंडिंग केस में फंसा आतंकी हाफिज सईद

### 5 साल 3 महीने कैद की सजा



मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध कब्जे के कुल 23 मामले दर्ज हैं

**संवाददाता**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लाहौर की एक अदालत ने बुधवार को मुंबई हमले के मुख्य आरोपी और जमात-उद-दावा के सरगना हाफिज सईद को टेरर फंडिंग के दो मामले में दोषी पाया। इसके साथ ही अदालत ने 5 साल कैद की सजा सुनाई। सईद के खिलाफ आतंकी फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध कब्जे के कुल 23 मामले दर्ज हैं। अदालत ने 6 फरवरी को इसपर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

• मोतीचूर लड्डू • काजू कतरी • काजू रोल
• बदाम बर्फी • मलाई पेड़े • रसगुल्ले
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501

## देश में महंगाई 6 साल में सबसे ज्यादा

बुधवार को अर्थव्यवस्था को दोहरा झटका लगा है। न सिर्फ खुदरा महंगाई बढ़ी है, बल्कि आईआईपी में भी गिरावट दर्ज की गई है



**नई दिल्ली।** सुस्ती से जूझ रही देश की इकॉनमी को बुधवार को दोहरा झटका लगा है। जनवरी में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 7.59% रही, जो दिसंबर 2019 में 7.35% रही थी। महंगाई दर में यह बढ़ोतरी खाद्य पदार्थों जैसे सब्जियों, दालों और प्रोटीन से भरपूर वस्तुओं के महंगा होने की वजह से हुई है। जनवरी 2019 में मंहगाई दर 2.05% रही थी। जनवरी में महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4% के लक्ष्य से काफी ऊपर रही है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### मच्छरों ने किया जीना मुहाल

**मुंबई।** मुंबई के दहिसर-पूर्व में चेकनाका के पास स्थित मधुवन सोसायटी के लोगों की एक ही समस्या है, सोसायटी में दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे मच्छरों की संख्या। इस मधुवन सोसायटी के सामने ही झोपड़पट्टियां स्थित हैं, जहां पर खुले क्षेत्र में लोगों द्वारा यूं ही कचरा पैष्ठला दिया जाता है, जिसके कारण इस गंदगी में मच्छर पनपते हैं और सोसायटी के लोगों को बीमार बनाते हैं। इससे खफा होकर सोसायटी और झोपड़पट्टी के लोगों में कई बार झगड़ा भी हो जाता है। ऐसे में सोसायटी में रहनेवाले लोग चाहते हैं कि प्रशासन द्वारा कचरा पैष्ठलानेवाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

दहिसर-पूर्व के इस क्षेत्र में जब सुशील कुमार पहली बार फ्लैट खरीदने आए थे तो उन्हें सोसायटी के दूसरे दरवाजे से प्रवेश करवाया गया। सुशील नए फ्लैट को खरीदकर शुरूआती दिनों में काफी खुश थे लेकिन जब उन्हें आस-पास के क्षेत्र में पैष्ठली गंदगी का पता चला तो वह इस नजारे को देखकर काफी मायूस थे। जब सोसायटी में प्रवेश के लिए पुराना दरवाजा बंद कर गंदगी वाले क्षेत्र से जुड़ा दूसरा दरवाजा खोला गया तो उनकी मायूसी और बढ़ गई। सुशील की तरह ही इस इमारत में रहनेवाले सैकड़ों लोग आस-पास के क्षेत्र में फैले कूड़े-कचरे और गंदगी से परेशान और नाखुश है। दिन में जहां लोगों को काम पर जाते समय इस गंदगी से परेशानी होती है, वहीं रात के समय इस गंदगी में पनपनेवाले मच्छर जीना हराम कर देते हैं। जब दोपहर का सामना के संवाददाता ने इस क्षेत्र में जाकर दूसरे पक्ष से मुलाकात कर बातचीत की तो झोपड़पट्टियों में रहनेवाले लोगों ने बताया कि उनके पास कचरा फेंकने के लिए कोई और विकल्प नही है क्योंकि प्रशासन द्वारा वहां कोई डस्टबीन नहीं रखा गया है। सोसायटी के लोगों के लिए एक डस्टबिन उनके क्षेत्र में रखा गया है लेकिन झोपड़पट्टीवाले क्षेत्र में कोई भी डस्ट बिन मौजूद नहीं है, जिसके चलते लोग खुले में ही एक स्थान पर कचरा पैष्ठला देते हैं जिसे मनपा की गाड़ी आकर ले जाती है।

### फाइलों में अटका है मरीजों का इलाज

**मुंबई।** गवर्मेंट डेंटल कॉलेज सहित राज्य के दूसरे मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव में मरीजों को हो रही परेशानी आगे भी जारी रहेगी। समस्या के तत्काल समाधान के लिए मेडिकल एजुकेशन विभाग ने राज्य वित्त विभाग को पर्सनल लेजर अकाउंट (पीएलए) फंड का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी है। विभाग का दावा है कि एक सप्ताह में मरीजों को परेशानियों से निजात मिल जाएगी।

डायरेक्ट्रेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन (डीएमईआर) के तहत आने वाले कालेजों में दवाओं की अनुपलब्धता से लेकर बंद पड़ी मशीनों की भयंकर समस्या है। सीएसटी स्थित गवर्मेंट डेंटल कॉलेज में तो एक्स-रे की सुविधा तक नहीं है। एक्स-रे के लिए लगने वाली फिल्म की कमी के कारण रोजाना कुछ ही मरीजों का एक्स-रे किया जा रहा है। मेडिकल एजुकेशन सचिव डॉ. संजय मुखर्जी ने बताया कि मरीजों की सुविधा को देखते हुए हमने तत्काल रिलीफ के लिए पीएलए फंड का इस्तेमाल करने के लिए एक प्रस्ताव वित्त विभाग के पास भेजा है। एक बार वहां से अनुमति मिलने के बाद हम इस फंड का इस्तेमाल कर अस्पताल में लगने वाली जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। बता दें कि पीएलए फंड वह फंड होता है जो अस्पताल में मरीजों की तरफ से दिए जाने वाले शुल्क से बनता है। अस्पताल इसका इस्तेमाल वित्त विभाग की अनुमति के बिना नहीं कर सकता। गवर्मेंट डेंटल कॉलेज में पिछले कुछ दिनों से एक्स-रे और दांतों की भराई में लगने वाले मैटेरियल की कमी है। इसके कारण आए दिनों मरीजों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले नवभारत टाइम्स ने इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद लोकल पर्चेज के जरिए मरीजों को सहूलियत देने की कोशिश की गई, हालांकि ये नाकाफी रही। अस्पताल में फिल्म की कमी के कारण एक्स-रे की सुविधा जल्दी आओ, जल्दी पाओ की तर्ज पर दी जा रही है।

# पत्नी की हत्या के बाद लिखा खत- मैं पैसा नहीं चुका पाया

## बीमार बीवी को अकेला भी नहीं छोड़ सकता

**मुंबई।** मुंबई के पवई इलाके में सोमवार रात एक 67 वर्षीय कपड़ा व्यापारी ने अपनी बीमार बुजुर्ग पत्नी की हत्या कर दी और घर छोड़कर कहीं चला गया। हत्या को अंजाम देने वाला शख्स कथित रूप से कर्ज के 1.80 लाख रुपये नहीं दे पा रहा था, जिसकी वजह से वह तनाव में था। शख्स के घर से एक नोट मिला है, जिसमें इस बात का जिक्र है कि वह आत्महत्या करने की योजना बना रहा था। अबतक शख्स का कुछ भी पता नहीं चल पाया है।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात तकरीबन 10 बजकर 30 मिनट पर पड़ोस में रहने वाले एक शख्स ने पुलिस को इस बात की सूचना दी कि पवई के शिवशक्ति नगर की स्थानीय शीला लाड अपने घर में अचेत अवस्था में पड़ी हुई हैं। हालांकि, जब पुलिस वहां पहुंची तो देखा कि 65 वर्षीय शीला के साथ मारपीट की गई थी और उनकी कलाई-गला रेत



दिया गया था। घर से महिला के पति अजित लाड गायब थे। पुलिस टीम महिला को आननफानन अस्पताल लेकर पहुंचीं लेकिन वहां पर शीला को मृत घोषित कर दिया गया।

घर में जब खोजबीन की गई तो एक पत्र मिला, जिसे कथित तौर पर अजित ने लिखा था। नोट में अजित ने इस बात का जिक्र किया है कि उन्हें बिजनस में घाटा हुआ था और वह एक साल में 1.80 लाख रुपये का भुगतान नहीं कर सके। पत्र के जरिए उन्होंने कहा, 'हम कर्ज में डूबे हैं और इस वजह से अपनी जिंदगी खत्म कर रहे हैं। मेरी पत्नी बीमार हैं और मैं उन्हें यूं ही नहीं छोड़ सकता क्योंकि मेरे बाद उनका ख्याल रखने वाला कोई नहीं है। हमारे इस कृत्य का कोई भी जिम्मेदार नहीं है।'

इस बात का फिलहाल पता नहीं चल पाया है कि शीला किन रोगों से ग्रस्त थीं लेकिन माना जा रहा है कि बढ़ती उम्र की वजह से उन्हें कई दिक्कतों ने घेर लिया था।

दंपती घर में अकेले ही रहते थे। उनकी कोई संतान भी नहीं थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हम शख्स की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।'

# कोरोना को कल्टी!, भारतीय मरीज ने वायरस को हराया

**मुंबई।** जिस कोरोना वायरस ने चीन सहित पूरी दुनिया में कोहराम मचा रखा है, हिंदुस्थान में उसकी दाल गलती नहीं दिख रही। यहां एक मरीज ने कोरोना को कल्टी दे दी है और माना जा रहा है कि दो अन्य मरीज भी सकुशल इस वायरस से छुटकारा पा लेंगे। कोरोना का यह मरीज केरल में मिला था। जांच में वह कोरोना से संक्रमित पाया गया था। कोरोना पॉजिटिव पाने के बाद इस मरीज को एकदम से अलग-थलग बने

वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अब लगातार हो रही जांच में पिछले ६ दिनों से उसकी रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। इसका अर्थ यह हुआ कि उसके शरीर में कोरोना वायरस नहीं है और संभवतः आज उसे अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। घातक कोरोना वायरस से पीड़ित पहली भारतीय मेडिकल छात्रा के परीक्षण की रिपोर्ट निगेटिव आई है। यह छात्रा चीन के




वुहान से हिंदुस्थान आई थी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि उसकी स्थिति स्थिर है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, अब तक राज्य के अलग-अलग अस्पतालों में ३१ लोगों को पृथक वार्ड में रखा गया है। एक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के अनुसार कोरोना की पहली मरीज के खून की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। उसके रक्त के नमूनों की जांच रिपोर्ट राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) के अलाप्पुझा स्थित परीक्षण केंद्र से आई है। उन्होंने कहा, लेकिन हमें पुणे स्थित एनआईवी से पुष्टि कराने की जरूरत है। त्रिशूर से कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आने के बाद वुहान से लौटे केरल के दो अन्य छात्रों की रिपोर्ट भी अलाप्पुझा और कासरगोड जिलों में पॉजिटिव आई थी। स्वास्थ्य विभाग ने पहले बताया था कि राज्य के अलग-अलग अस्पतालों में पृथक वार्ड में रखे गए मरीजों की संख्या घटकर ३४ रह गई है। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, राज्य में कुल ३,३६७ लोगों को अब भी निगरानी में रखा गया है, जिनमें से ३,३३६ को घर में अलग रखा गया है। दो और पॉजिटिव पाए गए मरीजों की हालत भी स्थिर बनी हुई है। केरल में अभी ३४ लोगों को विभिन्न अस्पतालों के अलग वार्ड में रखा गया है। केरल के अलाप्पुझा और कासगोड से भी एक-एक मरीज कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे।

## मुंबई बाग के प्रदर्शनकारियों से भयभीत है महाराष्ट्र सरकार : मेधा पाटकर

**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार नागपाड़ा में मुंबई बाग के प्रदर्शनकारियों से डरी हुई है, इसलिए उन्हें दबाने के लिए पुलिस बल का प्रयोग कर रही है।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पाटकर ने कहा कि यदि उद्धव ठाकरे सरकार ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) पर स्पष्ट रूख अपना लिया है तो फिर पुलिस हस्तक्षेप क्यों कर रही है। पाटकर ने शहर के अलग-अलग हिस्सों के लोगों से अनुरोध किया कि वे मुंबई बाग आकर प्रदर्शनकारियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करें। दरअसल प्रदर्शन स्थल को दिल्ली के शाहीनबाग की तर्ज पर मीडिया और स्थानीय लोगों द्वारा मुंबई बाग कहा जा रहा है।

# मनपा का पुल निर्माण जोरों पर रु. ४३७ करोड़ होंगे खर्च

**मुंबई।** मुंबईकरों की सुरक्षा के लिए मनपा पुलों की मजबूती के साथ-साथ जर्जर पुलों के पुर्निनर्माण की शुरूआत की है। इसमें अंधेरी के गोखले पुल का निर्माण डेढ़ वर्षों में पूरा किया जाएगा, वहीं पूर्व व पश्चिम उपनगर के जोड़नेवाले सांताक्रुज-चेंबूर लिंक रोड पर दो फ्लाइओवर, पुलों पर भार कम करने और घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड फ्लाइओवर विस्तार का समावेश है। इन कार्यों के लिए मनपा करीब ४३७ करोड़ रुपए खर्च करनेवाली है।

वर्ष २०१८ में अंधेरी में मॉनसून के दरमियान गोखले पुल धराशायी हो गया था। बीते वर्ष १४ मार्च को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस का हिमालय पुल ढह गया था। इन हादसों में करीब ७ लोगों की जान जाने के बाद जर्जर पुलों का मुद्दा एक बार फिर सामने आ गया। इसके चलते मनपा ने जर्जर पुलों की मरम्मत और उसके पुनर्निर्माण का काम शुरू कर दिया। इसके तहत १३८ करोड़ रुपए खर्च कर अंधेरी के गोखले पुल का निर्माण कार्य किया जाएगा। २६५ मीटर लंबे इस पुल को आरसीसी स्ट्रक्चर और स्टील के गर्डरों के माध्यम से बनाया जाएगा। इसका ठेका मेसर्स एसएमएस इंप्रष्ठास्ट्रक्चर लि. कंपनी को दिया जाएगा। सांताक्रुज-चेंबूर लिंक रोड पर दोनों पुल जीर्ण अवस्था में होने से इसे ढहाकर नए रूप से बनाने का निर्णय लिया गया है। एमएमआरडीए के मार्फत उक्त कार्य कराए जाएंगे। इस पुल की चौड़ाई ४५.०७ मीटर और लंबाई ११० मीटर होगी। इस कार्य के लिए ४५ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। आईआईटी की सिफारिश के अनुसार पी और आर विभाग के पुल का भार कम किया जाएगा, जिसमें गोरेगांव से बोरीवली तक के चार पुलों का समावेश है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ऐंटी-बीजेपी फ्रंट बनाने के लिए अन्य पार्टियों से बातचीत: पवार

## बीजेपी की हार का यह सिलसिला थमने वाला नहीं, जनता को बीजेपी का विकल्प देना हमारी जिम्मेदारी: पवार

**मुंबई।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की बड़ी जीत के बाद नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने बीजेपी विरोधी मोर्चा बनाने पर एक बार फिर से जोर देना शुरू किया है। पार्टी प्रमुख शरद पवार ने बताया कि इस सिलसिले में उनकी अन्य दलों से बातचीत हो रही है।

दिल्ली में बीजेपी की पराजय पर प्रतिक्रिया देते हुए पवार ने मंगलवार को कहा कि यह उसके अंत की शुरूआत है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में उसे पहले ही नाकामयाबी हाथ लगी है। उन्होंने कहा, 'हार का यह सिलसिला थमने नहीं वाला है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि जनता को बीजेपी के अलावा विकल्प दिया जाए।' पवार और अन्य पार्टियों के नेता कई राज्यों में बीजेपी-विरोधी मोर्चा बनाने पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने बताया, 'हम विकल्प तैयार करने पर



चर्चा कर रहे हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि इसे 100 पर्सेंट सफलता मिलेगी, लेकिन यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।' भगवा पार्टी के पूर्व सहयोगी दल शिव सेना ने भी दिल्ली में उसकी पराजय पर खुशी जताई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा, 'जन की बात ने मन की बात को पछाड़ा है। केंद्र में सत्तासीन होने के नाते राष्ट्रवादी कहलाने वाले इस पार्टी ने अपना पूरा जोर लगा दिया था। उसके बावजूद वह झाड़ू (आप का चुनावी निशान) से मुकाबला नहीं कर पाई। उन्होंने अपनी ताकत का पूरा इस्तेमाल करते हुए दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारा। केजरीवाल को आतंकवादी बुलाया। उन्होंने लोगों का ध्यान स्थानीय मुद्दों से भटकाकर अंतरराष्ट्रीय मामलों की ओर ले जाने की कोशिश की। दिल्ली के वोटर उनके 'केवल हम देशभक्त हैं और बाकी सब राष्ट्रविरोधी' वाले जुमले को समझ चुके हैं।'

एनसीपी प्रमुख के पोते रोहित पवार ने कहा कि एसपी और बीएसपी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि दोनों पार्टियों को लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बावजूद हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, विधानसभा चुनाव में हालात अलग होंगे। रीजनल पार्टियों को पश्चिम बंगाल में तृणमूल से हाथ मिलाना चाहिए। अन्य राज्यों में भी बीजेपी के खिलाफ पार्टियों को साथ आना चाहिए। इससे उन्हें महाराष्ट्र जैसा परिणाम मिलेगा।' ठउढ नेता का कहना है कि पार्टियों को आपसी मनमुटाव पीछे छोड़ते हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी के खिलाफ एकजुट हो जाना चाहिए।

एनसीपी प्रमुख ने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे से उन्हें हैरानी नहीं हुई। पवार ने कहा, 'उनमें (बीजेपी में) अहंकार भरा था। बीजेपी देश के लिए अभिशाप है और लोगों को यह समझ आ गया है।' दिल्ली ने 'इखढ के कम्युनल कैंपेन को ठुकराया है, जो धार्मिक भेदभाव और एक अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाने पर आधारित था।'

# 9 मेट्रो स्टेशनों को नहीं मिला कोई खरीदार

**मुंबई।** मेट्रो 3 कॉरिडोर के 18 स्टेशनों के नाम के साथ अपना ब्रैंड या कंपनी का नाम जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये के स्पॉन्सर मिल गए, लेकिन कॉरिडोर के 9 स्टेशनों से निजी संस्थानों ने मुंह फेर लिया। कालबा देवी, गिरगांव, ग्रांट रोड, शीतलादेवी, धारावी, विद्यानगरी, सहार रोड, सीप्ज और आरे स्टेशन के साथ अपना नाम जोड़ने के लिए निजी संस्थानों ने रुचि नहीं दिखाई है। वहीं दूसरी ओर 18 स्टेशन ऐसे हैं, जिनसे अपना नाम जोड़ने के लिए सरकारी और निजी संस्थानों की तरफ से मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 87 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

कई कंपनियां मेट्रो के एक से ज्यादा स्टेशनों के साथ जुड़ने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने को भी तैयार हैं। कालबा देवी और सीप्ज जैसे व्यावसायिक परिसर के स्टेशनों को स्पॉन्सर नहीं मिलने से अधिकारी भी अचरज में हैं।



कालबा देवी और सीप्ज मुंबई के सबसे बड़े व्यावसायिक केंद्र हैं, इस परिसर में मुंबई का सबसे बड़ा कपड़ा, बर्तनों और आभूषणों का बाजार है। साथ ही देश के कई बड़े औद्योगिक घरानों के कार्यालय भी इसी परिसर में हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि कॉरिडोर के कालबा देवी से ग्रांट रोड स्टेशन के लिए एमएमआरसीए को एक भी प्रस्ताव नहीं मिला है। कालबा देवी के करीब के स्टेशन सीएसएमटी स्टेशन के लिए 7 संस्थानों ने रुचि दिखाई। दूसरी ओर मुंबई विश्वविद्यालय के विद्यानगरी स्टेशन को तक स्पॉन्सर की तलाश है। जबकि विद्यानगरी के करीब के बीकेसी स्टेशन के साथ नाम जोड़ने के लिए सर्वाधिक 12 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। दादर और इंटरनैशनल एयरपोर्ट के लिए 9 और डोमेस्टिक एयरपोर्ट स्टेशन के लिए 7 संस्थानों ने रुचि दिखाई है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच बन रहे मेट्रो 3 कॉरिडोर के मार्ग पर कुल 27 स्टेशनों का निर्माण कार्य चल रहा है। स्टेशनों के नाम के साथ निजी संस्थानों का नाम जोड़ एमएमआरसीए करोड़ों रुपये की अतिरिक्त आमदनी का रास्ता तलाश रहा है। इसके लिए एमएमआरसीएल ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मंगवाया था।

# 6 मार्च को पेश होगा महाराष्ट्र का बजट

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य विधानसभा का बजट अधिवेशन 24 फरवरी से मुंबई में शुरू होगा और 6 मार्च को राज्य का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा। विधान मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक, विधानसभा में वित्त मंत्री अजित पवार सुबह 11 बजे और विधान परिषद में वित्त राज्य मंत्री शंभूराज देसाई बजट पेश करेंगे। बता दें कि अब तक विधानसभा में दोपहर 2 बजे बजट पेश होता रहा है, लेकिन पहली बार सुबह 11 बजे बजट पेश करने की नई परंपरा महा विकास आघाडी शुरू करने जा रही है। 6 मार्च को विधान मंडल के दोनों सदनों में बजट पेश होने के बाद 7 मार्च से 10 मार्च तक विधानसभा बंद रहेगी। इस बार का बजट सत्र 18 दिन चलेगा, जबकि विपक्ष की मांग 23 दिन का सत्र बुलाए जाने की थी। राज्य में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों की पृष्ठभूमि में बजट से पहले 5 मार्च को महिला सुरक्षा कानून पर विशेष चर्चा होगी। इस दौरान आंध्र प्रदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी दिशा कानून लागू करने पर चर्चा की जाएगी।

# होगा शुद्धिकरण, लौटेगा 'दहिसर नदी' का जीवन

**मुंबई।** वर्षों से अतिक्रमण एवं भरनी के कारण नदी से नाले में तब्दील हो चुकी दहिसर नदी का पुनरुद्धार होगा। इस नदी के चौड़ीकरण और सुरक्षा दीवार का काम 10 वर्षों से अटका है। इसके सौंदर्यीकरण के लिए बीएमसी ने नदी के किनारे अतिक्रमण करने वाले 95 झोपड़ों को जमींदोज कर दिया है।

बीएमसी का मानना है कि तोड़क कार्रवाई के बाद नदी के सौंदर्यीकरण का रास्ता साफ हो गया है। पश्चिमी उपनगर के इन इलाकों में बरसात के दौरान बाढ़ जैसी स्थिति के लिए इस नदी में हुए अतिक्रमण को जिम्मेदार माना जाता है।

आर मध्य विभाग के अंतर्गत बोरीवली (पूर्व) क्षेत्र में बहने वाली दहिसर नदी के कारण आस-पास के इलाके बरसात में डूब जाते हैं। इस क्षेत्र को बाढ़ जैसी स्थिति से बचाने के लिए बीएमसी ने नदी के किनारे 738 फुट लंबी सुरक्षा दीवार बनाने का काम शुरू किया है। इसमें से 377 फुट लंबी दीवार का काम पूरा हो चुका है। सुधीर फडके



फ्लाइओवर के नीचे दहिसर नदी से सटे संजय नगर व हनुमान नगर क्षेत्र में 95 अवैध झोपड़ों के निर्माण के कारण 361 फुट लंबी सुरक्षा दीवार का काम रुका हुआ था। आर मध्य विभाग की सहायक आयुक्त भाग्यश्री कापसे की मौजूदगी में भारी पुलिस सुरक्षा के बीच इन झोपड़ों पर तोड़क कार्रवाई हुई। इससे सुरक्षा दीवार बनाने के काम को गति मिलेगी।

झोपड़ा तोड़ने के दौरान विरोध की आशंका को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बंदोबस्त किया गया था। पुलिस ने सब पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली। यहां अवैध झोपड़ों को कई बार हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन भारी विरोध के कारण बीएमसी को पीछे हटाना पड़ा था। इसीलिए मंगलवार को बीएमसी 150 पुलिसकर्मियों एवं 190 कर्मचारियों की फौज के साथ वहां पहुंची और तोड़क कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने पहले ही स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की हिंसा से दूर रहने की चेतावनी दी थी।

बता दें कि पिछले दिनों बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी ने बजट में भी मुंबई की नदियों के कायाकल्प की परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इस काम के लिए बड़ी रकम आवंटित की गई है।

इससे मीठी नदी, दहिसर नदी, पोइसर नदी और ओशिवरा नदी का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यह नदी संजय गांधी नैशनल पार्क से निकल कर श्रीकृष्ण नगर, दौलतनगर, कांदरपाडा, संजय नगर, दहिसर से बहती हुई मनोरी के अरब सागर में मिल जाती है। यह नदी जब संजय गांधी नैशनल पार्क से निकलती है, तब इसका पानी साफ-सुथरा रहता है।

# शरजील के समर्थन में नारेबाजी के मामले में उर्वशी चूड़ावाला को बॉम्बे हाई कोर्ट से मिली जमानत

**मुंबई।** राजद्रोह के केस में गिरफ्तार की गईं सामाजिक कार्यकर्ता उर्वशी चूड़ावाला को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को अदालत ने उर्वशी को अंतरिम राहत देते हुए 20 हजार रुपये का बेल बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उर्वशी को 12 फरवरी को थाने में पेश होने का भी आदेश दिया। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट की खंडपीठ ने उर्वशी को राहत दी। अदालत ने उर्वशी की अर्जी को मंजूर करते हुए कहा कि उन्हें 12 फरवरी को स्थानीय पुलिस स्टेशन में दोपहर 11 से 2 बजे के बीच में हाजिर होना होगा। इसके अलावा कोर्ट जब भी उन्हें सुनवाई के लिए बुलाएगी, तब उन्हें वहां आना होगा।

कोर्ट ने जमानत के लिए उर्वशी को 20 हजार रुपये का बॉन्ड भरने का आदेश दिया। इसके अलावा उर्वशी को अपना मोबाइल फोन और सिम कार्ड जमा कराने का आदेश भी दिया। उर्वशी से अदालत ने कहा कि वह किसी भी स्थिति में मुंबई और ठाणे छोड़कर नहीं जाएंगी। इसके अलावा उनकी जमानत याचिका पर 24 फरवरी को सुनवाई कराई जाएगी।

# नेशनल कॉलेज का कटिंग चाय महोत्सव कल से

मुंबई। बांद्रा के आरडी ऐंड एस. एच नेशनल कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'कटिंग चाय' 13 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह महोत्सव 15 फरवरी तक चलेगा। इसमें शहर के कई कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेंगे। यह महोत्सव मास मीडिया के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। इस महोत्सव में बॉलीवुड से लेकर विभिन्न क्षेत्र की कई हस्ती भी शरीक होंगी।

कॉलेज के मुताबिक, यह महोत्सव 13 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस साल यह रंगारंग महोत्सव एक नए थीम 'नो मैन लैंड' के साथ आ रहा है जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी एक परिसर में मौजूद होंगे। अपने विचार और प्रतिभा से विद्यार्थी एक-दूसरे को कराएंगे। यह महोत्सव विद्यार्थियों को एक परिवार का अनुभव कराता है और विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थी मित्रता के रिश्ते बंधते हैं।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# इंटरनेट पर बच्चे क्या कर रहे हैं यह जानने के लिए 52% मुंबई के लोग रखते हैं...

## निगरानी



- ★ 66 फीसदी पुणे के लोग अपने बच्चों पर नियमित रूप से निगरानी रखते हैं
- ★ ओएलएक्स 2020 इंटरनेस बिहेवियर सर्वे में इसका पता चला है
- ★ 38 फीसदी दिल्ली और 39 फीसदी मुंबई के लोग अक्सर बदलते हैं बैंक पासवर्ड
- ★ दिल्ली में 54 प्रतिशत लोग अनजान लोगों को बता देते हैं अपना फोन नंबर

**मुंबई।** इंटरनेट पर बच्चे किस तरह की सामग्री इस्तेमाल कर रहे हैं। यह जानने के लिए 52 फीसदी मुंबईकर, 57 फीसदी दिल्ली और 66 फीसदी पुणे के लोग अपने बच्चों पर नियमित रूप से निगरानी रखते हैं। वहीं, दूसरी तरफ 16 प्रतिशत मुंबई, 14 प्रतिशत पुणे और 17 प्रतिशत दिल्ली के लोग इंटरनेट पर उनका बच्चा किस तरह के कंटेंट को एक्सेस कर रहा है। इस पर निगरानी नहीं रखते हैं। इसका खुलासा ओएलएक्स 2020 इंटरनेस बिहेवियर सर्वे से हुआ है। इस सर्वे के अनुसार 63 प्रतिशत दिल्ली, 66 प्रतिशत मुंबई और 72 प्रतिशत पुणे के लोग एयरपोर्ट व कैफे जैसे सार्वजनिक स्थानों के ओपन वाई-फाई नेटवर्क का ऑनलाइन बैंकिंग के लिए इस्तेमाल असुरक्षित मानते हैं। हालांकि इसके बावजूद पुणे के 28 प्रतिशत, दिल्ली के 37 प्रतिशत और मुंबई के 34 फीसदी लोग ऐसे ओपन वाई-फाई नेटवर्क से ऑनलाइन बैंकिंग लेन-देन करना सुरक्षित मानते हैं। सर्वे के दौरान लोगों से यह भी पूछा गया कि वे अपने बैंक का पासवर्ड कितनी बार बदलते हैं? इसके जवाब में 38 फीसदी दिल्ली और 39 फीसदी मुंबईकर ने बताया कि वे नियमित अपने बैंक का पासवर्ड बदलते रहते हैं। 31 प्रतिशत दिल्ली, 30 प्रतिशत और 26 प्रतिशत पुणे के लोगों को यह याद ही नहीं था कि उन्होंने पिछली बार बैंक का पासवर्ड कब बदला था। महत्वपूर्ण है कि ओएलएक्स 2020 इंटरनेट बिहेवियर सर्वे के दौरान कुल 12 तरह के सवाल पूछे गए थे। सर्वे में यह भी पता चला कि 54 प्रतिशत दिल्ली के लोग अनजान व्यक्ति से अपना फोन नंबर और पता बता देते हैं। इतना ही नहीं 23 प्रतिशत दिल्ली के लोग ओटीपी जैसी अति संवेदनशील जानकारी भी अजनबी से शेयर करते हैं। इसी तरह की समानता मुंबई के लोगों में भी पाई गई। 57 फीसदी मुंबई के लोग अपना फोन नंबर और पता अजनबी को बताते हैं। 23 फीसदी ओटीपी की जानकारी अनजान व्यक्ति को दे देते हैं। ध्यान रहे कि राष्ट्रीय स्तर पर 22 प्रतिशत लोग अपने क्रेडिट व डेबिट कार्ड की संवेदनशील जानकारी किसी अनजान शख्स के साथ ऑनलाइन शेयर कर बैठते हैं।

## राजद्रोह के केस में गिरफ्तार उर्वशी चूड़ावाला को जमानत

**मुंबई।** राजद्रोह के केस में गिरफ्तार की गईं सामाजिक कार्यकर्ता उर्वशी चूड़ावाला को बॉम्बे हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए 20 हजार रुपए के बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उर्वशी को 12 फरवरी को थाने में पेश होने का भी आदेश दिया। उर्वशी को शर्जील इमाम के समर्थन में नारेबाजी करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जेएनयू छात्र शर्जील इमाम को देशद्रोह के आरोप में दिल्ली पुलिस ने पिछले दिनों बिहार से गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उर्वशी को 12 फरवरी को स्थानीय पुलिस स्टेशन में हाजिर होने के लिए भी कहा है।

## लड़ाकू विमान राफेल के पुर्जे बनाने का काम शुरू

### आईटीआई के छात्रों को भी दी जा रही है ट्रेनिंग



**मुंबई।** भारत में लड़ाकू विमान राफेल के कलपुर्जों का बनना शुरू हो गया है। फाइटर जेट्स के ट्विन इंजन को कवर करने वाले दरवाजों का पहला सेट नागपुर में अनिल अंबानी की रिलायंस डिफेंस और फ्रेंच फर्म दैसो एविएशन के संयुक्त उपक्रम वाले प्लांट पर बन रहे है। विमान से जुड़े ज्यादातर पार्ट्स आने वाले समय में भारत में ही बनेंगे। रक्षा सूत्रों मुताबिक, भारत में इसके पार्ट्स निर्मित करने का मकसद आने वाले महीनों में राफेल के उत्पादन को बढ़ाना है। नागपुर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के छात्र राफेल और फाल्कन विमानों के पुर्जे जोड़ना सीख रहे हैं। फ्रांसीसी कंपनी दैसो एविएशन ने सरकार द्वारा संचालित आईटीआई नागपुर के साथ पिछले साल एक समझौता किया था। इसके तहत संस्थान में एयरोनॉटिकल स्ट्रक्चर एंड इक्विपमेंट फिटर पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। भारत सरकार ने फ्रांस के साथ 58 हजार करोड़ रुपए में 36 लड़ाकू विमानों का सौदा किया है। फ्रांस ने पिछले साल भारत को दशहरे के दिन पहला राफेल सौंपा था।

## अभिनेता शहबाज खान के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शहबाज खान के खिलाफ एक लड़की (19 साल) ने मुंबई के ओशिवरा पुलिस स्टेशन में छेड़छाड़ का केस दर्ज करवाया है। पीड़ित की शिकायत पर अभिनेता के खिलाफ धारा 354 (छेड़छाड़) और 509 के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल, खान की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**शहबाज खान का करियर**

चंद्रकांता, युग, बैताल पचीसी, द ग्रेट मराठा जैसे बड़े सीरियलों में मुख्य भूमिका निभा चुके अभिनेता इनदिनों फिर लौट आई नागिन सीरियल में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा वे 2017 में आये शो कर्मफल दाता शनि और पृथ्वीराज चौहान में भी नजर आ चुके हैं। शहबाज अपने दमदार डायलॉग के लिए भी जाने जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने फिल्म एजेंट विनोद, वीर, द हीरोः लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई, राजू चाचा, जिद्दी, मेजर साब और इंटरनेशनल खिलाड़ी में भी काम किया है।

## आम आदमी पार्टी की तर्ज पर राज्य में 100 यूनिट तक बिजली फ्री में देने की तैयारी कर रही है सरकार

**मुंबई।** दिल्ली चुनावों में आम आदमी पार्टी को मिली जीत में मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को बड़ा कारण माना जा रहा है। इससे प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार भी अब राज्य में 100 यूनिट तक बिजली फ्री में देने की योजना बना रही है। कांग्रेस नेता और महाराष्ट्र के ऊर्जा मंत्री नितिन राउत ने कहा कि 100 यूनिट तक की बिजली को मुफ्त करने का निर्णय लेने से पहले कई बातों पर विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने दिसंबर 2019 में कार्यभार संभालने के बाद ही 100 यूनिट तक की बिजली को मुफ्त में देने वाले प्रस्ताव को लेकर घोषणा की थी, साथ ही उन्होंने इस बाबत अपने विभागीय अधिकारियों को एक रिपोर्ट बनाने को कहा था ताकि इस घोषणा के तमाम अच्छे और बुरे पहलुओं का अध्ययन किया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, विभाग जल्द ही यह रिपोर्ट पेश कर सकती है। जिसके बाद सरकार यह ऐलान कर सकती है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**कैबिनेट का फैसला**

इस छुट्टी का असर काम पर न पड़े इसलिए अब सोमवार से शुक्रवार तक प्रत्येक कर्मचारी को 45 मिनट अतिरिक्त काम करना होगा। इसका मतलब है कि एक सप्ताह में 3.75 अतिरिक्त घंटे एक कर्मचारी को देने होंगे। हालांकि, इस पांच दिवसीय कार्य व्यवस्था से सभी आपातकालीन सेवाओं को बाहर रखा जाएगा। सरकार का तर्क है कि नई व्यवस्था से अनुपस्थिति पर अंकुश लगाएगा। बेहतर परिवार- कार्यस्थल संतुलन का निर्माण होगा और इससे उत्पादकता और दक्षता बढ़ेगी। पिछले कई वर्षों से राज्य सरकार के कर्मचारी इसकी मांग कर रहे थे।

**टेरर फंडिंग केस में फंसा आतंकी हाफिज सईद**

सईद पर पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान की अदालत ने टेरर फंडिग के आरोप तय कर दिए थे। इससे पहले, 3 जुलाई को पंजाब प्रांत की पुलिस ने हाफिज और उसके सहयोगियों के खिलाफ 13 मामले दर्ज किए थे। हाफिज पर अपने एनजीओ के जरिए आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने का आरोप है। एंटी टेररिज्म कोर्ट (एटीसी) ने उसके 4 सहयोगियों पर भी आरोप तय किए थे। सभी के खिलाफ एंटी टेरेरिज्म एक्ट 1997 के तहत, टेरर फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले दर्ज हुए थे। हाफिज सईद को पिछले साल 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है।

**'मुफ्तखोरी' या कल्याणकारी राज्य?**

लेकिन इसे आप केजरीवाल सरकार का कौशल कहें या बाजीगरी, सच तो यह है कि तमाम फ्री सेवाओं और योजनाओं के बावजूद पिछले पांच साल में आप के शासन में दिल्ली सरकार का खजाना मजबूत रहा है और जीडीपी के लिहाज से दिल्ली देश के सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में से है। आम आदमी पार्टी के शासन में दिल्ली ने न सिर्फ तेज बढ़त की है, बल्कि उसने राष्ट्रीय जीडीपी में अपना हिस्सा भी बढ़ाया है। दिल्ली के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पिछले पांच साल में 11.8 फीसदी की बढ़त हुई है। गौरतलब है कि 2020 विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी की जबरदस्त जीत के बाद अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार बनने जा रही है। आम आदमी पार्टी इस चुनाव में 62 सीटें जीतने में कामयाब हुई है। दिल्ली में 200 यूनिट तक की बिजली को केजरीवाल सरकार ने फ्री कर दिया है। इसके पहले 400 यूनिट बिजली के बिल में दिल्ली सरकार 50 प्रतिशत तक छूट देती थी। तब 1600-1700 करोड़ रुपये की सब्सिडी सरकार को बिजली कंपनियों को देनी पड़ती थी। इन उपभोक्ताओं के लिए फिक्स्ड चार्ज भी हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि अब बिजली के लिए सरकार से मिलने वाली सब्सिडी का आंकड़ा ढाई हजार करोड़ रुपये सालाना पहुंच जाएगा। अरविंद केजरीवाल सरकार के फैसले से दिल्ली में 26 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। विभागीय आंकड़े के मुताबिक दिल्ली में वर्ष 2018-19 में दो सौ यूनिट के बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 26 लाख थी, वहीं दो सौ से चार सौ यूनिट वाले उपभोक्ताओं की संख्या 14 लाख थी। दिल्ली में कुल 47 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं। 2018-19 में अरविंद केजरीवाल सरकार ने 1699 करोड़ रुपये सिर्फ बिजली की सब्सिडी के लिए जारी किए थे। पिछले 5 साल से बिजली की कीमतों में कोई बढ़त नहीं हुई।

**देश में महंगाई 6 साल में सबसे ज्यादा**

वहीं, दिसंबर में उद्योगों की रफ्तार में भी कमी दर्ज की गई है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर में 0.3% घटकर 2.5% रही। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का उत्पादन घटने से यह गिरावट आई है। बिजली उत्पादन घटकर 0,1% रही, जबकि दिसंबर 2018 में इसमें 4.5% की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। खनन क्षेत्र के उत्पादन में 5.4% की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसमें पहले 1% की गिरावट देखी गई थी। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर की अवधि में आईआईपी ग्रोथ घटकर 0.5% रहा, जो वित्त वर्ष 2018-19 की समान अवधि में 4.7% था। एनएसओ द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 13.63% रही, जो दिसंबर 2019 में 14.14% रही थी।









# गुनहगारों को अलग-अलग फांसी पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**निर्भया** के गुनहगारों को अलग-अलग फांसी देने की मांग वाली केंद्र और दिल्ली सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चारों दोषियों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि इस सुनवाई का ट्रायल कोर्ट द्वारा नया डेथ वारंट जारी करने के मामले में असर नहीं पड़ेगा। जस्टिस आर भानुमति की अध्यक्षता वाली जस्टिस अशोक भूषण और एएस बोपन्ना की पीठ ने इस मामले की सुनवाई 14 फरवरी को तय की है।



सुप्रीम कोर्ट के नोटिस जारी करने के बाद निर्भया के माता-पिता और दिल्ली सरकार ने पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दायर कर नया डेथ वारंट जारी करने का अनुरोध किया। कोर्ट ने सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। इस पर बुधवार दोपहर 2 बजे से सुनवाई होगी। ट्रायल कोर्ट ने चारों दोषियों की फांसी पर अगले आदेश तक रोक लगाई है। गुनहगारों- विनय शर्मा, मुकेश कुमार सिंह, पवन गुप्ता और अक्षय ठाकुर को 1 फरवरी की सुबह 6 बजे फांसी दी जानी थी, लेकिन 31 जनवरी को कोर्ट ने इसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया था।

### केंद्र ने कोर्ट से कहा : न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो रहा

केंद्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि दोषी रणनीति के तहत केस को लंबा खींच रहे हैं। दोषियों को एक साथ फांसी देने की बजाए, उन्हें अलग-अलग फांसी पर लटकाने की अनुमति दी जाए। मेहता ने कहा कि दुष्कर्मियों का एनकाउंटर होता है, तो जनता खुशी मनाती है। यह बात सामने आ रही है कि सजा में देरी से जनता का न्याय प्रणाली से विश्वास कम हो रहा है। मेहता ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद देरी करने के लिए दोषी पवन गुप्ता ने अभी तक दया याचिका दायर नहीं की है। इस पर जस्टिस अशोक भूषण ने कहा कि आप जो मांग कर रहे हैं, उससे तो मामला और अधिक लंबा खिंचेगा, क्योंकि इस तरह की मांग उचित है या नहीं, इस पर कानूनी रूप से विचार करने में समय लग सकता है।

### फांसी से बचने के लिए दोषी विनय ने खुद को बताया मानसिक रोगी

गुनहगार विनय ने अपने बचाव के लिए एक और कानूनी पैंतरा अपनाया है। उसने दया याचिका खारिज करने के राष्ट्रपति के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वकील एपी सिंह के जरिए दायर अर्जी में विनय ने कहा है कि वह मानसिक रूप से बीमार है और कानूनन मानसिक रोगी को फांसी नहीं दी जा सकती। याचिका में विनय शर्मा ने कहा है कि तिहाड़ जेल में लगातार टार्चर किए जाने से उसे इमेंस साइकोलॉजिकल ट्रॉमा नाम की मानसिक बीमारी हो गई है। उसने जेल में इलाज के दस्तावेज देते हुए फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदलने की मांग की है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 1 फरवरी को विनय की याचिका खारिज कर दी थी।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश, इंटरनेट, सोशल मीडिया की बैठक बुलाए केंद्र

- ☞ सुप्रीम कोर्ट की पीठ हैदराबाद की एनजीओ प्रज्वला की एक चिट्ठी को याचिका मानकर सुनवाई कर रही है
- ☞ सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश पर सॉलिसिटर जनरल तुषर मेहता ने कहा : गृह मंत्रालय बैठक बुलाएगा

**सुप्रीम कोर्ट** ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह चाइल्ड पोर्नोग्राफी, दुष्कर्म के वीडियो और तस्वीरों के ऑनलाइन प्रसार रोक लगाने के लिए इंटरनेट, सोशल कंपनियों- गूगल, वॉट्सएप और फेसबुक सहित अन्य संबंधित के साथ बैठक फिर से शुरू करे। चीफ जस्टिस एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंगलवार को हैदराबाद की एनजीओ प्रज्वला की एक चिट्ठी को याचिका मानकर सुनवाई कर रही है।



प्रज्वला की ओर से वकील अपर्णा भट ने कोर्ट को बताया कि साइट्स पर दुष्कर्म और अन्य पोर्न वीडियो के प्रसार पर प्रभावी ढंग से रोक लगाने के मुद्दे पर केंद्र ने दिसंबर 2018 से संबंधित कंपनियों की बैठक नहीं बुलाई है। इस संबंध में केंद्र को निर्देश जारी किया जाए। इस पर केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गृह मंत्रालय बैठक बुलाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी।

प्रज्वला ने 2015 में तत्कालीन चीफ जस्टिस एचएल दत्तू को एक चिट्ठी लिखी थी, जिसके साथ दुष्कर्म के दो वीडियो की पेनड्राइव भी देते हुए कहा था कि इंटरनेट पर ऐसे कंटेंट पर रोक लगाई जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतःसंज्ञान लिया था।

वहीं न्याय मित्र वकील एनएस नप्पिनई ने सुझाव दिया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पोर्न वीडियो या तस्वीर के प्रसार को एआई के जरिए शुरूआत में ही रोक सकते हैं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि केंद्र चाइल्ड पोर्नोग्राफी और दुष्कर्म के वीडियो और फोटो को इंटरनेट और अन्य सोशल साइट्स पर रोकने के लिए दिशा-निर्देश या मानक संचालन प्रक्रिया लागू किया जा सकता है।

### पोर्न वीडियो पर तुरंत रोक लगे

**वकील भट ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि दुष्कर्म या पोर्न वीडियो, फोटो के प्रसार को रोकने के उपाय पर इंटरनेट कंपनियों का रवैया लचर है। ऐसे वीडियो को शुरूआत में ही रोका जा सकता है, लेकिन इसमें 36 घंटे बाद कार्रवाई की जाती है। उस समय तक यह वायरल हो जाता है। भट ने कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी का मुद्दा पॉक्सो कानून के दायरे में है। इस पर तत्काल कदम उठाना जरूरी है।**

# एग्जिट पोल की बढ़ी है विश्वसनीयता

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव के सभी दिल्ली विधानसभा चुनाव भाजपा के विरोध में थे तब भी भाजपा के दिल्ली अध्यक्ष मनोज तिवारी भाजपा की जीत का दावा करते रहे। वे ही नहीं जहाँ भी चुनाव के बाद जो एग्जिट पोल आते है हारने वाला दल उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर देता है। पर दिल्ली विधानसभा चुनाव में तो मनोज तिवारी ने हद करदी। आखरी तक दिल्ली विधानसभा चुनाव व अनुमानों को झुठलाते हुए 45 की रट जारी राखी और हुआ वही जो सभी एग्जिट पोल में बताया गया था। इससे इस बार एग्जिट पोल की विश्वसनीयता बढ़ी है। दरअसल देश में कोई भी आम चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद लगभग सभी टीवी चैनल एग्जिट पोल का प्रसारण करते हैं, जिनमें अनुमान लगाया जाता है कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिलने की संभावना है और सरकार किसकी बनने जा रही है। देशभर में हर चुनाव के बाद एग्जिट पोल्स के माध्यम से तमाम चैनलों द्वारा बढ़-चढ़कर दावे किए जाते हैं और डंके की चोट पर बताया जाता है कि इस बार विजय रथ पर कौन सवार होगा लेकिन कई बार ये तमाम एग्जिट पोल पूरी तरह हवा-हवाई भी साबित हो जाते हैं। दरअसल देश में चुनाव प्रायः विकास के नाम पर या फिर जाति-धर्म के आधार पर लड़े जाते रहे हैं और ऐसे में यह पता लगा पाना इतना आसान नहीं होता कि मतदाता ने अपना वोट किसे दिया है। सर्वे के दौरान भी मतदाता बहुत बार इस बात का सही जवाब नहीं देते कि उन्होंने अपना वोट किस पार्टी या प्रत्याशी को दिया है। जानते हैं कि ये एग्जिट पोल आखिर हैं क्या, कब इनकी शुरूआत हुई और इनके दावों का आधार क्या होता है? एग्जिट पोल सदैव मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिखाए जाते हैं। दरअसल जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 126 के तहत मतदान के पहले एग्जिट पोल सार्वजनिक नहीं किए जा सकते बल्कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के आधे घंटे बाद ही इनका प्रकाशन या प्रसारण किया जा सकता है। यह नियम तोड़ने पर दो वर्ष की सजा या जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। यदि चुनाव कई चरणों में भी सम्पन्न होता है तो एग्जिट पोल का प्रसारण अंतिम चरण के मतदान के बाद ही किया जा सकता है लेकिन उससे पहले प्रत्येक चरण के मतदान के दिन डाटा एकत्रित किया जाता है।



अशोक भाटिया

एग्जिट पोल से पहले चुनावी सर्वे किए जाते हैं और सर्वे में बहुत से मतदान क्षेत्रों में मतदान करके निकले मतदाताओं से बातचीत कर विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की हार-जीत का आकलन किया जाता है। अधिकांश मीडिया संस्थान कुछ प्रोफैशनल एजेंसियों के साथ मिलकर एग्जिट पोल्स करते हैं। ये एजेंसियां मतदान के तुरंत बाद मतदाताओं से यह जानने का प्रयास करती हैं कि उन्होंने अपने मत का प्रयोग किसके लिए किया है और इन्हीं आंकड़ों के गुणा-भाग के आधार पर यह जानने का प्रयास किया जाता है कि कौन हार रहा है या कौन जीत रहा है। इस आधार पर किए गए सर्वेक्षण से जो व्यापक नतीजे निकाले जाते हैं, उसे ही 'एग्जिट पोल' कहा जाता है। चूंकि इस प्रकार के सर्वे मतदाताओं की एक निश्चित संख्या तक ही सीमित रहते हैं, इसलिए एग्जिट पोल के अनुमान हमेशा सही साबित नहीं होते।पर दिल्ली के चुनाव के एग्जिट पोल से एग्जिट पोल की विश्वसनीयता बढ़ी है।

# बालिका गृह कांड : दाखिल होने वाली बच्चियों से गैंगरेप करवानें वाले दरिंदे...मरने तक जेल में ही रहेंगे

**दिल्ली** के साकेत कोर्ट ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड में ब्रजेश ठाकुर समेत 6 आरोपियों को कई लड़कियों के यौन उत्पीड़न के लिए अंतिम सांस तक कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5 दोषियों को उम्रकैद और 6 अन्य को 10-10 साल की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ कुलश्रेष्ठ ने अपने फैसले में कठोर शब्दों में कहा कि ब्रजेश बच्चियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से की गई साजिश का किंगपिन था। उसने अत्यधिक घिनौने काम किए। बच्चियों की देखभाल के जिम्मेवार पर्यवेक्षकों और प्रशासकों ने शेल्टर होम में खुद को दरिंदे और शिकारियों में बदल दिया।

नाबालिग बच्चियों से बलात्कार करने के लिए उन पर घिनौने तरीके के अत्याचार किए। इन मासूमों पर करीब चार साल तक लगातार यौन हमले करते रहे। ब्रजेश ठाकुर के अपराधों की लम्बी फेहरिस्त है। जज ने कहा कि जो व्यक्ति इस तरह की बच्चियों की देखभाल करने वाली संस्था का नियंत्रण और प्रबंधन करता है, उससे उम्मीद की जाती है कि वह दया, संयम और नैतिककता प्रदर्शित करेगा। लेकिन ब्रजेश और उसके शार्गिदों ने सारी हदें पार कर दीं। न केवल पीड़ित लड़कियों को धोखा दिया। बल्कि, इस तरह के घिनौने कृत्यों को अंजाम देकर अत्यधिक विकृत और संकीर्ण मानसिकता का प्रदर्शन किया। हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़िताएं एक राज्य वित्त पोषित शेल्टर होम में शरण ली हुई थीं। ऐसे में इन अपराधियों को कठोर सजा मिलनी ही चाहिए।



### 6 दोषियों को 10-10 साल की सजा, एक को 6 माह की कैद

**ब्रजेश ठाकुर समेत 6 दोषियों को अंतिम सांस तक उम्रकैद की सजा सुनाई। इनमें ब्रजेश ठाकुर, रवि रौशन, दिलीप कुमार वर्मा, विकास कुमार, गुड्डू पटेल और विजय कुमार तिवारी शामिल हैं। वहीं, ब्रजेश की राजदार शाइस्ता परवीन उर्फ मधु, किरण कुमारी, रामानुज ठाकुर, मीनू देवी, कृष्ण कुमार राम को उम्रकैद की सजा हुई।**

**ब्रजेश को 32 लाख रुपए जुमार्ना भी भरना होगा। बालिका गृह का कथित डॉक्टर अश्वनी कुमार, मंजू देवी, चंदा देवी, रामाशंकर सिंह, हेमा मसीह व नेहा कुमारी को 10 वर्ष कैद की सजा हुई। इंदु कुमारी को तीन साल कैद व 10 हजार जुमार्ना और रोजी रानी को छह माह कैद की सजा हुई है। रोजी रानी अपनी सजा न्यायिक हिरासत में पूरी कर चुकी है। इसलिए उसे मुक्त कर दिया गया है। सजा के बाद 18 दोषियों को तिहाड़ भेज दिया। जज ने सीबीआई को आदेश दिया कि पीड़िताओं का बंद लिफाफे में रिपोर्ट सरकार को दें ताकि पीड़िताओं को मुआवजे का भुगतान किया जा सके। कोर्ट ने पीड़िताओं को 25 हजार से 9 लाख तक मुआवजा देने का आदेश दिया।**

# सरहद पार कर आया पाकिस्तानी बुजुर्ग, बीएसएफ ने पुलिस के हवाले किया

**सीमा** सुरक्षा बल ने बीते दिन एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले किया है। बीएसएफ की पकड़ में आया उम्रदराज यह शख्स नारोवाल का रहने वाला है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो हालांकि उससे किसी भी तरह की कोई आपत्तिजनक चीज बरामद नहीं हुई है। बहरहाल, उससे पूछताछ का क्रम जारी है।मामला बीएसएफ की 73वीं बटालियन की निगरानी में पड़ती छन्ना पोस्ट का है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति पाकिस्तान की तरफ से तारबंदी पार कर आया। ललकारने के बाद यह थोड़ा ठिठक गया, जिसके चलते इसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। इस शख्स की पहचान पाकिस्तान के नारोवाल जिले के गांव डेरावाली के रसूल खान पुत्र बलोच खान के रूप में हुई है। हालांकि इसके पास किसी भी तरह की कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है, लेकिन मामला अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से जुड़ा होने के चलते इसे जांच के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है।



# बीच रोड पर गिरते-गिरते बचा लॉन्चर, एलिवेटेड रोड का चल रहा था काम

**बुधवार** को शहर की भीड़भाड़ वाली 22 गोदाम पुलिया चौराहे पर लॉन्चर (एक तरह की क्रेन) गिरते-गिरते बचा। जिसके कारण पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। बता दें कि यहां एलिवेटेड रोड का काम चल रहा है। अगर लॉन्चर सड़क पर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलने पर जेडिए के अधिकारी और इंजीनियर्स की टीम मौके पर पहुंची।

जेडीए द्वारा इस एलिवेटिड रोड का निर्माण करवाया जा रहा है। इस दौरान काम करते वक्त लॉन्चर का एक हिस्सा पुलिया पर झूल गया। जिससे निमार्णाधीन पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर ट्रैफिक रोक दिया गया। वहीं सड़क के एक बड़े हिस्से को बंद कर दिया गया।



# दूसरा शाहीन बाग बना कानपुर

## सड़क पर बैठी हजारों महिलाएं, कहा : काला कानून वापस ले सरकार

**दिल्ली** के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन के बाद अब कानपुर दूसरा शाहीन बाग बन रहा है। हजारों की संख्या में महिलाएं सड़क पर दिन रात बैठकर धरना दे रही हैं। जिसकी वजह से उस क्षेत्र के सभी स्कूल कॉलेज और बैंक बंद हैं। पूरी रोड को ब्लॉक कर दिया गया है। दरअसल, महिलाओं का यह धरना मोहम्मद अली पार्क में बीते 36 दिनों से दिन में मात्र 4 घंटे के लिए चल रहा था। पुलिस ने महिलाओं को वहां से खदेड़ कर पार्क खाली कराया था, इससे नाराज हजारों महिलाएं अब सड़क पर सीएए के खिलाफ 24 घंटे बैठकर धरना दे रही हैं।

धरना समाप्त होने का दूसरे गुट ने विरोध किया और रविवार को महिलएं फिर से धरने पर बैठ गईं। जब इसकी भनक पुलिस प्रशासन लगी तो पुलिस ने रविवार देर बलपूर्वक महिलाओं को खदेड़कर मोहम्मद अली पार्क खाली करा लिया था। इस घटना के बाद सोमवार की हजारों की संख्या में महिलाएं सड़क पर बैठ गई थी। पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा था। पुलिस ने महिलाओं से पार्क के धरने पर बैठने कहा लेकिल महिलाए पार्क छोड़कर संड़क पर धरना देना शुरू कर दिया। महिलाओं ने कहा- पुलिस ने जो हमारे लोगों को पकड़ा है उन्हे छोड़ा है। ये सभी बातें हमें लिखित में चाहिए। पुलिस हमारे घरों पर नोटिस चस्पा किया है जबकि हम लोग शांतिपूर्ण ढंग से प्रोटेस्ट कर रहे थे। किस जुर्म में प्रशासन ने घरों पर नोटिस चिपकाई है। आप रात में दबिश डाल रहे हैं। घरों से लड़कों को जबरन उठा रहे हो। पार्क सार्वजनिक है। ये पब्लिक के लिए लोग बैठे हैं तो इसमें क्या दिक्कत है। हमारी सरकार से यहीं मांग है कि इस काले कानून को वापस लें तो हम लोग अपनी प्रोटेस्ट वापस लेंगें। जेंट्स पुलिस ने हम लोगों के साथ मारपीट की है। एसपी राजकुमार अग्रवाल के मुताबिक चमनगंज में महिलाओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उनका कहना है कि हम इस धरने को शाहीन बाग की तर्ज पर करना चाहते हैं। शनिवार को महिलाओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था कि हम धरना समाप्त करते हैं। कुछ लोगों ने दूसरे ग्रुप को उकसा कर कुछ महिलाओं को धरने पर बैठा दिया था। बाद में महिलाओं ने आंदोलन को बढा कर के सड़कों पर बैठी हैं। इनको उकसाने वाले लोग है। इसमें कौन लोग शामिल है उनकी जानकारी जुटाई है इनके पीछे किन संगठनों का हाथ है इनके बारे में जानकारी की जा रही है।



चमनगंज के कई स्थानों को महिलाओं ने घेर रखा है। जो सुरक्षा का दयरा है, उसमें धरने के बीच में पुलिस बल नहीं है। सुरक्षा व्यावस्था वहां के लोकल के लोग कर रहे हैं। सड़क के दोनों तरफ हमने सुरक्षा का बंदोबस्त किया हुआ है।

# हाईकोर्ट के आदेशों के बाद डीसी के निर्देश : मंदिर, गुरुद्वारे और मस्जिद में तय सीमा से ऊपर नहीं कर सकेंगे आवाज

- ☞ रहवासी इलाके में रात 10 से सुबह 6 बजे तक हॉर्न बजाने पर पाबंदी
- ☞ डीसी ने एसडीएम और पुलिस को रेगुलर चेकिंग करने को कहा
- ☞ अगर किसी ने नियम नहीं माने तो उनका चालान काटा जाएगा



**नॉयस** पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए डिप्टी कमिश्नर मनदीप सिंह बराड़ ने सब डिविजनल मजिस्ट्रेट और पुलिस को निर्देश दिए हैं कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन हो और इसको लेकर अगले दस दिनों में ही ग्राउंड पर काम दिखना चाहिए। डीसी ने एसडीएम, पुलिस ऑफिसर्स और बाकी अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें नॉयस पॉल्यूशन के अलावा बाकी कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। मीटिंग में डीसी ने हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए सभी ऑफिसर्स को निर्देश दिए कि जो पैरामीटर्स तय किए गए हैं, उन्हें पूरी तरह से लागू किया जाए। जहां पर उल्लघंन होता है, वहां कार्रवाई की जाए। मीटिंग में निर्देश दिए गए कि लाउस्पीकर और पब्लिक एड्रैस सिस्टम कोई भी आदमी या फिर धार्मिक जगह जैसे मंदिर, मस्जिद या गुरुद्वारे में बिना लिखित मंजूरी के दिन के समय में भी यूज न हो। साथ ही इसमें भी ये अंडरटेकिंग उनसे जरूर ली जाएगी कि नॉयस लेवल परमिशेबल लेवल से ज्यादा नहीं रहेगा। साथ ही लाउडस्पीकर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट और साउंड एंप्लीफायर रात के समय चलाने पर पाबंदी रहेगी, लेकिन ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस रूम, कम्यूनिटी हॉल्स और बैंक्वेट हॉल में तय सीमा में इसको लेकर छूट रहेगी। लाउडस्पीकर पर रात 10 से सुबह 6 बजे तक परमिशन नहीं होगी। कल्चरल और धार्मिक कोई आयोजन होता है तो रात 10 से 12 बजे तक छूट रहेगी। साइलेंस जोन के साथ ही अब रेजिडेंशियल एरिया में भी रात के समय हॉर्न बजाने पर पाबंदी लगाई गई है। पब्लिक इमरजेंसी नहीं है तो रात 10 से लेकर सुबह 6 बजे तक कोई हॉर्न न बजाएं। अगर कोई ऐसा करते हुए पाया जाता है तो चालान काटा जाएगा। इसको लेकर डीसी ऑफिस के पास शिकायतें आई थीं। सेक्टर-7 डिस्कोथेक और पब बार वाले एरिया से आ रही शिकायतें, रेगुलर चेक करें। डीसी ने एसडीएम ईस्ट और डीएसपी ईस्ट को कहा है कि सेक्टर-7 में कैफे, पब बार और डिस्कोथेक हैं, जहां से लोगों की ज्यादातर शिकायतें नॉयस लेवल को लेकर आती हैं। आरोप लगते हैं कि देर रात तक यहां पर शोर रहता है। इसलिए इन दोनों ऑफिसर्स की ड्यूटी लगाई गई है कि वे रेगुलर यहां की चेकिंग करें और तय करें कि यहां पर नॉयस लेवल परमिशेबल लिमिट से ज्यादा न हो।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आप विधायक नरेश यादव के काफिले पर हमला, राजनीति नहीं पुरानी रंजिश थी वजह

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश यादव के काफिले पर हुए मंगलवार देर रात हमले में पार्टी कार्यकर्ता की मौत के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस के अनुसार आरोपी की मृतक शख्स के साथ रंजिश थी, इसी वजह से उसने हमला किया।

इस मामले में कालू नाम के एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस मामले को आपसी रंजिश से जुड़ा बता रही है। पुलिस के मुताबिक अशोक मान और हमलावर के बीच पुरानी रंजिश थी, जिसके चलते यह हमला किया गया था। बताया जा रहा है कि 2019 में आरोपी का भतीजा गोलबारी में घायल हुआ था, इस गोलीबारी का शक आरोपी को मृतक अशोक मान पर था। आरोपी कालू ने मृतक अशोक को 15 दिन पहले जान से



मारने की धमकी भी दी थी।

पुलिस के अनुसार भतीजे पर हुई गोलीबारी का बदला लेने के इरादे से ही अशोक पर हमला किया गया। दिल्ली पुलिस का कहना है कि इस पूरे मामले का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली पुलिस के अडिशनल डीसीपी इंगित प्रताप सिंह ने कहा, 'अभी तक की जांच में पता चला है कि इस घटना में केवल 1 हमलावर शामिल था और वह मृतक को ही मारने आया था। इस मामले में विधायक नरेश यादव टारगेट नहीं थे।'

गौरतलब है कि दिल्ली की महरौली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी से विधायक नरेश यादव के काफिले पर मंगलवार देर रात हमला हुआ था। इस हमले में आप के अशोक मान नामक एक कार्यकर्ता की मौत हो गई, वहीं एक अन्य कार्यकर्ता हरेन्द्र घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, नरेश पर गोलियों से हमला उस वक्त हुआ जब वह चुनावी नतीजे आने के बाद मंदिर से वापस लौट रहे थे। नरेश को किशनगढ़ में हुए इस हमले में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। घायल को पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

आपको बता दें कि इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। आप सांसद संजय सिंह ने विधायक के काफिल पर हमले को लेकर ट्वीट के जरिए दिल्ली पुलिस पर निशाना साधा था। मंगलवार को हुई मतगणना में दक्षिणी दिल्ली की महरौली विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी नरेश यादव ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी की कुसुम खत्री को 18161 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। नरेश यादव को इस बार जहां 62417 वोट प्राप्त हुए हैं, वहीं उनकी प्रतिद्वंद्वी बीजेपी उम्मीदवार कुसुम खत्री 44256 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। इनके मुकाबले कांग्रेस उम्मीदवार एए महेंदर चौधरी को महज 6952 वोट से ही संतोष करना पड़ा।

## भूगर्भ जल दूषित करने पर 7 साल तक की जेल, 20 लाख रुपये जुमार्ना भी लगेगा

**लखनऊ।** प्रदेश में भूगर्भ जल को दूषित या गंदा करने के दोषियों को 7 साल तक की जेल और 20 लाख रुपये जुमार्ने की सजा भुगतनी होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में यूपी भूजल प्रबंधन व विनियमन नियमावली को मंजूरी दे दी गई।


जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ने बताया कि भूजल दूषित करने के पहले अपराध में 6 महीने से 1 साल तक की जेल व 2 से 5 लाख तक जुमार्ना लगेगा। दूसरी बार ऐसा करने पर 5 से 10 लाख तक का जुमार्ना व 5 साल तक की जेल होगी। फिर अपराध किया तो 20 लाख रुपये तक जुमार्ना और 7 साल तक की सजा होगी।



महेंद्र सिंह ने बताया कि भूजल के संरक्षण व उसे प्रदूषण से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों से लेकर शासन तक समिति का गठन होगा। शासन स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 18 सदस्यीय भूजल प्राधिकरण बनेगा। इसमें विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिवों के साथ जल संरक्षण के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। प्राधिकरण भूगर्भ जल के लिहाज से संकटग्रस्त क्षेत्रों को अधिसूचित करेगा। इसमें ऐसे क्षेत्र शामिल होंगे, जिनमें पिछले पांच साल में प्रतिवर्ष 20 सेमी भूजल स्तर नीचे गया हो। इन जगहों पर सरकारी पेयजल योजनाओं, पौधरोपण के अलावा बोरिंग/ट्यूबवेल नहीं लगाए जा सकेंगे। जागरूकता के लिए भूजल सेना का गठन होगा। शासन स्तर पर मुख्य सचिव और जिले में डीएम की अध्यक्षता में समितियां बनेंगी। नगर निगमों, नगरीय निकायों और पंचायतों में उसके निर्वाचित प्रमुख कमिटी के अध्यक्ष होंगे।

## भाई की 'गलती' थी, मुझ पर तेजाब उड़ेल दिया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अकबरपुर (अंबेडकरनगर जिले) की रहने वालीं सीमा राजपूत (20) आज भी जब अपने गांव जाती हैं तो वह घर से बाहर नहीं निकलतीं। सीमा को लोगों की फब्तियां चुभती हैं। वह ऐसिड अटैक के बाद बिगड़े हुए चेहरे के साथ अपने गांव के लोगों के बीच नहीं जाना चाहतीं। एनबीटी ऑनलाइन से ऐसिड अटैक सर्वाइवर सीमा राजपूत कहती हैं कि हमारे घर में शौचालय नहीं था। मैं शौच के लिए सुबह बाहर गई थी और जब घर लौटी तो जिंदगी बदल चुकी थी।



सीमा कहती हैं, 'जब मुझ पर तेजाब से हमला किया गया था उस वक्त मैं 10वीं क्लास की स्टूडेंट थी। ऐसिड अटैक के बाद 8 महीने तक मैं बेतहाशा दर्द सहन करती रही। लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में मेरा इलाज चल रहा था, मैं एग्जाम भी नहीं दे पाई। अब इस बात का डर रहता है कि कहीं मैं स्कूल जाऊं तो बच्चे मुझे देखकर डर न जाएं। बस मैं अब स्कूल नहीं जाना चाहती हूं।' सीमा कहती हैं, 'मेरे भाई का पड़ोस के गांव में किसी शख्स की साली के साथ अफेयर चल रहा था। लड़की के घरवालों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने बदला लेने की ठान ली। यह वर्ष 2016 की बात है। मैं शौच के लिए बाहर गई थी। हमारे घर में टॉइलट नहीं था। शौच के बाद जब वापस लौट रही थी तो स्कॉर्पियो में सवार होकर आए लोगों ने मुझ पर पानी जैसा फेंक दिया।'

ऐसिड अटैक सर्वाइवर सीमा ने कहा, 'मैं भागती हुई घर पहुंची। उन्होंने मेरे सिर से तेजाब डाला था, मैं इस बात से अनजान थी। मैं घर में दर्द से चीख रही थी। फिर किसी ने मुझ पर पानी डाला। आपस में बात की जाने लगी कि हो सकता है तेजाब से हमला किया गया हो। मुझे जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रिफर कर दिया गया।' ऐसिड अटैक सर्वाइवर सीमा राजपूत के पिता का नाम सभाजीत राजपूत है और मां का नाम सीता है। सीमा बताती हैं, 'घटना के बाद मम्मी-पापा कहते थे कि यह (सीमा) अब नहीं बच पाएगी।' उन्होंने कहा, 'बहुत लंबे वक्त तक मेरा इलाज चला। मुझे मेरा चेहरा देखने के लिए शीशा नहीं दिया जाता था। एक रोज नर्स जो ड्रेसिंग का डब्बा लेकर आई थीं, उसमें मैंने अपनी शक्ल देख ली थी। मैं उस वक्त डर गई थी।

## बीजेपी के अंहकार के खिलाफ है आप की जीतः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की जीत पूरे देश में एक स्पष्ट संदेश देगी। अखिलेश ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने बीजेपी (भारतीय जनता पार्टी) के अहंकार के खिलाफ मतदान किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विकास के लिए मतदान किया है। अखिलेश ने आगे कहा कि बीजेपी ने चुनाव को सांप्रदायिक बनाने की भरपूर कोशिश की थी और उनका यह घृणित अभियान बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने पार्टी की जीत के लिए आप और उसके नेताओं को बधाई दी और उम्मीद जताई है कि यह चुनाव देश की राजनीतिक कहानी को बदल देगी।

## 'ठग्स ऑफ बिहार', थम नहीं रहा आरजेडी बनाम जेडीयु का पोस्टर वॉर

**पटना।** 'ठग्स ऑफ बिहार', थम नहीं रहा आरजेडी बनाम जेडीयू का पोस्टर वॉरबिहार में विधानसभा चुनाव हैं। चुनाव के मद्देनजर आरजेडी-जेडीयू एक दूसरे पर हमलावर दिख रहे हैं। चुनाव से पहले पोस्टर को हथियार बनाया गया है और अलग-अलग तंज कसे जा रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह पोस्टर हाल ही में सामने आया है। इस पोस्टर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हाथ में तीर लिए हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के ऊपरी हिस्से में लिखा है- लहूलुहान हुआ बिहार, शिकारी है सरकार। कुछ पोस्टर्स जेडीयू के खिलाफ है तो आरजेडी को भी बदला लेने के लिए बख्शा नहीं गया है। बिहार की सड़कों पर लगा एक पोस्टर यह भी है, जिसमें लिखा गया है- लुटता रहा बिहार, संपत्ति अर्जन में मस्त परिवार।

एक पोस्टर बिहार की सड़कों पर 'हिसाब' का है। इसमें लालू की तत्कालीन सरकार के कामकाज और




नीतीश कुमार की वर्तमान सरकार के कामकाज की तुलना को दशार्या गया है। बिहार के पोस्टर वॉर की हर तस्वीर की अलग कहानी है। किसी में जलता बिहार दिखाकर पुरानी सरकारों और उनके मुखिया पर हमला किया गया है। कुछ में कामकाज की तुलना में पक्षियों का भी सहारा लिया गया है।

# वृंदावन में मंदिरों के फूलों से बने हर्बल गुलालों से खेलें होली, ऑनलाइन भी होगी बिक्री

वृंदावन की होली पूरी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां होली खेलने के लिए सिर्फ देश से नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग आते हैं। अगर आप भी होली के मौके पर वृंदावन जाने की प्लानिंग कर रहे हैं लेकिन हानिकारक आर्टिफिशल रंगों से होने वाले नुकसान से डर रहे हैं, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। इस बार आपको वृंदावन में होली खेलने के लिए हर्बल गुलाल आसानी से मिल जाएंगे। दरअसल वृंदावन के आश्रय सदनों में जिंदगी बसर कर रहीं निराश्रित महिलाएं होली के लिए बांके बिहारी पर चढ़े फूलों से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। इस गुलाल की बिक्री इस बार ऑनलाइन भी की जाएगी।



पिछले साल जहां करीब एक क्विंटल हर्बल गुलाल की बिक्री की गई थी तो वहीं इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए इस बार 4-5 क्विंटल गुलाल तैयार किया जा रहा है। जिले के एक अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि चढ़ावे के फूलों से गुलाल और अगरबत्ती बनाने का काम पिछले साल शुरू किया गया था। जानकारी के अनुसार, इन महिलाओं द्वारा फूलों से बनाया जा रहा गुलाल पूरी तरह केमिकल फ्री है। इस बार भी 100 ग्राम और 50 ग्राम की पैकिंग में यह गुलाल बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।शिवरात्रि से यह गुलाल ऐमजॉन पर उपलब्ध होगा। डेढ़ साल पहले महिलाओं को आजीविका के और साधन उपलब्ध कराने की सोच के साथ यह प्रॉजेक्ट शुरू किया गया था। ब्रजगंधा प्रसाद समिति के प्रॉडक्ट कॉर्डिनेटर विक्रम शिवपुरी ने बताया कि फूलों की सब से पहले सफाई जैसे धागा निकलना आदि काम इन किया जाता है। इसके बाद छंटाई का काम होता है। फूलों को सुखाया जाता है और पीसकर पाउडर तैयार करके रख लिया जाता है। होली पर इससे गुलाल तैयार किया जाता है।



# जानें कहां और कब खुलने वाला है दुनिया का सबसे बड़ा हैरी पॉटर स्टोर




फेमस हॉलिवुड फिल्म सीरीज हैरी पॉटर को पसंद करने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा माना जा रहा हैरी पॉटर स्टोर न्यू यॉर्क शहर में खुलने वाला है। अगर आप गर्मी की छुट्टियों में अमेरिका जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो इस स्टोर में एक बार जरूर जाएं। जानकारी के अनुसार, यह स्टोर न्यू यॉर्क के मैनहट्टन में मौजूद फैमस फ्लैटिरॉन बिल्डिंग के बगल में स्थित है। इस सीरीज के मेकर्स वॉर्नर ब्रदर्स ने इस संबंध में जानकारी दी है। इस स्टोर में सैलानियों को एक अलग तरह का अनुभव मिलेगा, इसलिए न्यू यॉर्क जाने वालों को इस स्टोर को अपने 'मस्ट गो लिस्टह्व में जरूर शामिल करना चाहिए। वार्नर ब्रदर्स की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, स्टोर 20,000 वर्ग फीट के क्षेत्र में फैला होगा। इसके डिजाइन में कई बदलाव किए गए हैं। स्टोर के उद्घाटन की आधिकारिक तारीख की घोषणा अभी तक नहीं की गई है, लेकिन 2020 की गर्मियों में इसके खुलने की संभावना जताई जा रही है। वॉर्नर ब्रॉदर्स की वर्ल्ड वाइड टूर्स और रिटेल विभाग की वाइस प्रेसिडेंट सारा रुट्स का कहना है, हैरी पॉटर सीरीज को समर्पित यह स्टोर दुनिया में सबसे बड़ा होगा और जल्द ही यह मस्ट विजिट फैन डेस्टिनेशन बन जाएगा।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।

**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।

**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

# 105 साल की उम्र में महिला ने दिए 4th क्लास के एग्जाम, 74.5% मार्क्स किए स्कोर

कहते हैं कि पढ़ने-लिखने की कोई उम्र नहीं होती। इस बात को सच साबित कर दिखाया है कि केरल से ताल्लुक रखने वाली 105 साल की बुर्जुग महिला ने। इस उम्र में उन्होंने चौथी कक्षा के पेपर दिए हैं और एग्जाम में 74 फीसदी से ज्यादा मार्क्स हासिल किए हैं। इन महिला का नाम है भगीरथी अम्मा।

भगीरथी अम्मा, पिछले साल नवंबर में राज्य साक्षरता अभियान द्वारा कोल्लम में आयोजित परीक्षा में वो शामिल हुई थीं। हाल ही में इस परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ है, जिसमें अम्मा ने कुल 275 अंकों में से 205 अंक हासिल किए। इस साक्षरता अभियान द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कुल 11593 विद्यार्थियों ने चौथी कक्षा की परीक्षा में भाग लिया, जिसमें से 10012 सफल रहे। इनमें 9456 महिलाएं हैं। बता दें कि अम्मा के छह बच्चे हैं। इनमें कुल 16 नाती-पोते हैं।

इस बारे में राज्य साक्षरता मिशन के जिला समन्वयक सीके प्रदीप कुमार ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि अम्मा ने अपनी परीक्षा 74.5 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। यह हर किसी के लिए प्रेरणा देने वाली बात है कि उन्होंने इस उम्र में भी ये जज्बा दिखाया और पढ़ाई की शुरूआत की। अम्मा के इस कदम से और लोग भी आगे आएंगे। बता दें कि यूं तो अम्मा को बचपन से ही पढ़ाई की चाहत थी। लेकिन उनकी यह इच्छा अधूरी रही गई थी। पारिवारिक परिस्थितियों की वजह से उन्होंने 9 वर्ष की उम्र में बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। उस वक्त वे तीसरी क्लास में पढ़ती थीं। इसके बाद से वे शादी और बच्चों की जिम्मेदारियों में फंस गईं थी। लेकिन उम्र के इस मोड़ पर उन्होंने वापस अपनी पढ़ाई पूरी करने का फैसला किया। इसका ही नतीजा है कि आज वे पढ़ रही हैं।



# 0-3 से सीरीज गंवाने के बाद बोले कोहली- हम जीत के हकदार नहीं थे



**माउंट माउंगानुई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ होने के बाद खराब गेंदबाजी पर निशाना साधते हुए कहा कि टीम में धैर्य की कमी दिखी। न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में भारत को 5 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर टी-20 इंटरनेशनल सीरीज में मिली 0-5 की हार का बदला चुकता किया।

भारतीय टीम का वनडे सीरीज में 31 साल के बाद सूपड़ा साफ हुआ है। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, हम उतना खराब भी नहीं खेले जैसा कि सीरीज के अंतिम परिणाम में दिख रहा है। हमें जो मौके मिले हम उन्हें भुनाने में नाकाम रहे। हमारे प्रयास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतने के लिए काफी नहीं थे।

भारतीय कप्तान ने कहा, गेंद से हम नियमित अंतराल पर विकेट चटकाने में नाकाम रहे। हमारी फील्डिंग बिल्कुल अच्छी नहीं रही। हम इतना बुरा भी नहीं खेले, लेकिन जब आप मौके भुनाने में नाकाम रहेंगे तो फिर आप जीत के हकदार नहीं रहते।

उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजों ने कठिन परिस्थितियों से अच्छी वापसी की जो सकारात्मक संकेत है, लेकिन हमने जिस तरह से क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी की वह काफी नहीं था। टूर्नामेंट में भारतीय गेंदबाजों की नाकामी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी सीरीज में एक विकेट भी नहीं ले सके और भारतीय आक्रमण एक बार भी न्यूजीलैंड की पूरी पारी को समेटने में नाकाम रहा।

कोहली ने न्यूजीलैंड की तारीफ करते हुए कहा, न्यूजीलैंड ने शानदार तरीके से खेला। हम जीत के हकदार नहीं थे, क्योंकि हमने धैर्य नहीं दिखाया। भारतीय बल्लेबाजी की धुरी माने जाने वाले कोहली ने कहा कि टीम इस निराशा की भरपाई 21 फरवरी से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में करेगी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टेस्ट चैम्पियनशिप के कारण हर टेस्ट मैच का अपना महत्व है। टेस्ट में हमारी टीम काफी संतुलित है और हमें लगता है कि हम सीरीज जीत सकते हैं। लेकिन इसके लिए हमें सही मानसिकता के साथ मैदान में उतरना होगा।

## कबड्डी टीम को वर्ल्ड कप खेलने का पाकिस्तान से मिला था निजी न्योताः कोच

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** कबड्डी वर्ल्ड कप में भाग लेने के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने के बाद विवाद गहरा गया है। इस बीच वहां गई टीम के कोच हरप्रीत सिंह बाबा ने कहा है कि सर्कल कबड्डी टीम को निजी तौर पर टूर्नामेंट में भाग लेने का निमंत्रण मिला था। बाबा ने कहा, 'हम पहले भी कई मौकों पर टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पाकिस्तान आ चुके हैं। हम सब निजी दौरे पर यहां आए हैं और ऐसे में विदेश मंत्रालय और भारतीय ओलिंपिक्स असोसिएशन से इजाजत लेने की जरूरत नहीं है।'

उन्होंने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी ने व्यक्तिगत तौर पर वीजा के लिए आवेदन




किया था और इसे हासिल किया था। पाकिस्तान जाने वाली टीम के एक खिलाड़ी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'हम सब भारत के नागरिक हैं और हमें जो वीजा मिला है, हम उसी के आधार पर वर्ल्ड कप में भाग लेने के लिए आए हैं। इसमें 10 देश भाग ले रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हम पहली बार यहां आए हैं। अब तो हमें विभिन्न टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए ब्रिटेन और कनाडा भी निजी दौरे पर ही जाना है।' आईओए पहले ही कह चुका है कि इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए जो लोग पाकिस्तान गए हैं वे अपने बैनर तले 'भारत' शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

यह पूछे जाने पर कि आप कैसे इस टूर्नामेंट में भारत नाम शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं, बाबा ने कहा कि आयोजनकर्ताओं ने इसका नाम टीम इंडिया रखा है। बाबा ने कहा, 'अगर विदेश मंत्रालय और खेल मंत्रालय को दिक्कत थी तो उन्हें यहां आने से हमें रोकना चाहिए था।'

## भारत-पाकिस्तान सीरीज से क्रिकेट का भला होगा-युवराज सिंह

**नई दिल्ली।** पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारत और पाकिस्तान क्रिकेट को लेकर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि टीमें एक-दूसरे के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज में जितना अधिक खेलेंगी इस खेल का उतना अधिक भला होगा। युवराज और पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद आफरीदी का मानना है कि दोनों देश अगर आपस में खेलते हैं तो यह क्रिकेट के लिए अच्छा होगा।

युवराज ने स्पोर्ट्स360 से कहा, मुझे पाकिस्तान के खिलाफ 2004, 2006 और 2008 में द्विपक्षीय सीरीज खेलने के बारे में याद है। इन दिनों दोनों देशों के बीच ज्यादा क्रिकेट नहीं होता, लेकिन ये चीजें हमारे हाथ में नहीं है। 38 साल के युवराज ने कहा, हम खेल से लगाव के कारण क्रिकेट खेलते हैं। हम खुद यह तय नहीं कर सकते कि किस देश के खिलाफ खेलना है। मैं हालांकि यह कह सकता हूं कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे से अधिक खेलेंगे तो यह क्रिकेट के लिए अच्छा होगा।'



युवराज और आफरीदी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन दोनों फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग में खेलते हैं। आफरीदी ने कहा, मुझे लगता है कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच सीरीज हुई तो यह एशेज से बड़ी होगी। हमें हालांकि ऐसा मौका नहीं मिलता है। हम लोगों के खेल के प्रति प्यार के बीच में राजनीति को लेते आते हैं। भारत और पाकिस्तान आईसीसी के टूर्नामेंटों में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, लेकिन 2013 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई है। दोनों देशों के बीच आखिरी बार 2008 में टेस्ट सीरीज खेली गई थी।

## नेपाल के खिलाफ 35 पर सिमटा अमेरिका, छुआ यह शर्मनाक रेकॉर्ड

**नई दिल्ली।** क्रिकेट को बढ़ावा देने के मकसद से आईसीसी ने भले ही कई देशों को इंटरनैशनल स्तर पर टी20 और वनडे क्रिकेट खेलने की मान्यता दे दी है। लेकिन अभी ये टीमें इस स्तर पर क्रिकेट खेलने को तैयार नहीं दिख रहीं। बुधवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में नेपाल और संयुक्त राज्य अमेरिका (वरअ) के बीच वनडे मैच खेला गया। अमेरिकी टीम यहां मात्र 35 रन पर ऑल आउट हो गई, जो वनडे क्रिकेट इतिहास का सबसे छोटा टोटल है। इस वजह से 50-50 ओवर का यह मैच मात्र 17।2 ओवर में ही पूरा हो गया। वनडे क्रिकेट इतिहास में यह दूसरा मौका था जब कोई टीम सिर्फ 35 रन पर ही ढेर हो गई हो। अमेरिका से पहले जिम्बाब्वे की टीम साल 2004 में श्रीलंका के खिलाफ इतने ही स्कोर पर ऑल आउट हुई थी। अब अमेरिका और जिम्बाब्वे वनडे क्रिकेट में सबसे कम स्कोर बनाने के मामले में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। नेपाल और अमेरिका के बीच क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 श्रेणी के तहत यह मैच खेला गया। यहां मेजबान नेपाल ने टॉस जीतकर मेहमान अमेरिका को पहले बैटिंग का निमंत्रण दिया। लेकिन अमेरिकी टीम यहां पूरी तरह फेल साबित हुई।

दूसरे ओवर से उसका पहला विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ तो उसने रुकने का नाम ही नहीं लिया और 12 ओवर होने तक अमेरिकी टीम मात्र 35 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अमेरिकी



टीम का सिर्फ एक बल्लेबाज जेवियर मार्शल (16) दहाई का आंकड़ा छू पाए, जबकि कप्तान समेत उसके 4 बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाए।

36 रन का यह आसान सा लक्ष्य नेपाली टीम ने 5 ओवर में ही अपने नाम कर लिया। हालांकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाली टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसके दोनों ओपनर पहले दो रन जुड़ने तक ही पवेलियन लौट गए थे। लेकिन बाद में पारस खड़का (20*) और दीपेंद्र सिंह ऐरी (15*) के दम पर 8 विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। नेपाल की टीम ने यह आसान जीत 268 गेंदें शेष रहते हुए अपने नाम दर्ज की है। वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा गेंदें शेष रहते हुए जीत दर्ज करने के मामले में यह चौथी सबसे बड़ी जीत है। सबसे ज्यादा बॉल शेष रहते हुए वनडे जीत का रेकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर के मैदान पर 13 जून 1979 में कनाडा के खिलाफ 277 बॉल शेष रहते हुए जीत (टारगेट 46 रन) अपने नाम की थी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अजय देवगन की 'रेड 2' पर चल रहा है काम



**2019** में ऐसी चर्चा थी कि साल के आखिर तक अजय देवग 'रेड 2' की शूटिंग शुरू कर देंगे। 2018 में आई डायरेक्टर राज कुमार गुप्ता की 'रेड' में अजय के अलावा इलियाना डिक्रूज और सौरभ शुक्ला जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में नजर आए थे। फिलहाल, अजय दूसरे प्रॉजेक्ट्स के साथ बिजी हो गए हैं लेकिन जब इस बारे में प्रड्यूसर अभिषेक पाठक से पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम अभी फिल्म को डिवेलप कर रहे हैं। शुरूआत में जो चर्चा थी, वह सिर्फ अफवाह थी। यह पूछने कि क्या कास्ट पहले जैसी ही रहेगी, अभिषेक ने कहा, हां, फिल्म में कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा तो कास्ट वही रहेगी। अभी फिल्ममेकर 'खुद हाफिज' में बिजी हैं। 'खुदा हाफिज' के बारे में बात करते हुए प्रड्यूसर ने पहले कहा था, 'यह एक रोमांटिक थ्रिलर है जो कि फ्रंट पेज पर पब्लिश एक न्यूज रिपोर्ट पर बेस्ड है। फिल्म के डायरेक्टर फारुख कबीर ने आर्टिकल पर रिसर्च किया और वह आइडिया लेकर आए। प्रड्यूसर के मुताबिक, यह हैदराबाद के कपल पर बेस्ड रियल लाइफ स्टोरी है।' बता दें, फिल्म में विद्युत जामवाल लीड रोल में हैं जिसकी शूटिंग उज्बेकिस्तान में हुई है।



# आदर जैन और तारा सुतारिया के अफेयर पर पहली बार बोलीं मां रीमा जैन





**पिछले** दिनों रणबीर कपूर और करीना कपूर के कजिन अरमान जैन और अनीशा मल्होत्रा की शादी काफी चर्चा में रही थी। इस शादी में बहुत से बॉलिवुड स्टार्स और उनके परिवारों ने शिरकत की थी। हालांकि सबसे ज्यादा चर्चा शादी में आदर जैन और तारा सुतारिया के अफेयर की रही। ये दोनों पिछले काफी दिनों से खबरों में हैं और अक्सर एकसाथ दिखाई देते हैं। हाल में ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी रिद्धिमा ने सोशल मीडिया पर एक ग्रुप फोटो शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने फोटो में मौजूद सभी लोगों को फैमिली बताया है। तस्वीर में आदर जैन के कंधे पर हाथ रखे तारा सुतारिया भी दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा फोटो में रीमा और मनोज जैन, अरमान जैन-अनीशा, नीतू कपूर व अन्य लोग दिखाई दे रहे हैं। जब आदर और तारा के अफेयर और उनकी शादी के बारे में रीमा जैन से बात की तो उन्होंने कहा, नहीं, ऐसा कुछ भी नहीं हैं। वे दोनों अभी यंग हैं। हम आगे देखेंगे कि क्या होता है। अभी उन्हें अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने दें और काम करने दें।' हालांकि इन दोनों की रिलेशनशिप को फैमिली की रजामंदी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'जिसको भी हमारा बेटा प्यार करेगा हम उसे पसंद करेंगे।



# मजबूत हो रहा है कटरीना और विकी कौशल का रिश्ता?

**वैलेंटाइंस** डे से पहले बॉलिवुड की फिजाओं में भी प्यार बह रहा है। पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा है कि कटरीना कैफ आजकल विकी कौशल को डेट कर रही हैं। इन दोनों को कई मौकों पर साथ भी देखा गया है। अब खबर आ रही है कि काफी समय से विकी के बारे में कटरीना कुछ फैसला नहीं ले पा रही थीं लेकिन अब उनके भीतर भी विकी के लिए फीलिंग्स जाग गई हैं। रिपोर्ट की मानें तो कटरीना पहले विकी के साथ अपनी रिलेशनशिप पर उलझन में थीं। लेकिन अब उन्हें ऐसा महसूस होता है कि जैसा आदमी वह अपनी जिंदगी में चाहती हैं, विकी वैसे ही 'भरोसेमंद' और 'विश्वसनीय' व्यक्ति हैं। इस रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि विकी को कमिटमेंट करने से डर नहीं लगता है और वह कटरीना के साथ अपनी रिलेशनशिप को सही दिशा में ले जाएंगे। हाल में विकी ने इंटरव्यू देते हुए विकी कौशल ने कहा भी था कि उन्हें नहीं लगता है कि इस मामले पर कोई सफाई दिए जाने की जरूरत है। दूसरी तरफ कटरीना विकी के साथ अपनी रिलेशनशिप की चर्चाओं को जिंदगी का 'अहम हिस्सा' बताया था।